Seniors Rights Victoria

यदि आपके या आपके किसी परिचित के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो Seniors Rights Victoria को कॉल करें:

1300 368 821

Seniors Rights Victoria (SRV) दुर्व्यवहार का अनुभव करने वाले वृद्धजनों के लिए दुभाषिए के माध्यम से सहायता प्रदान करती है।
सेवाओं में शामिल हैं:

- टेलीफोन हेल्पलाइन। आप SRV वॉइसमेल में पहुँच सकते/ती हैं। आपको वापस कॉल की जाएगी।
- नि:शुल्क समर्थन और जानकारी
- नि:शुल्क कानूनी सलाह

60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए नि:शुल्क और गोपनीय सलाह

सहायता और सलाह कहां से प्राप्त करें

यदि आपके या आपके किसी परिचित के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो ये सेवाएं सभी के लिए नि:शुल्क और गोपनीय हैं।

Elders Rights Australia
1800 700 600
सूचना, पक्ष-समर्थन और सहायता

Office of the Public Advocate
1300 309 337
संरक्षकता, प्रशासन और पावर्स ऑफ एटॉर्नी के बारे में सलाह

Carers Victoria
1800 514 845
देखभालकर्ताओं के लिए सलाह और समर्थन

Victoria Police 000
यदि आप या आपके कोई परिचित असुरक्षित या जीवन-घातक परिस्थिति में हैं

Interpreter **13 14 50**

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो Telephone Interpreter Service (TIS) को कॉल करें और Seniors Rights Victoria से हिंदी में बात करने के लिए पूछें।

VICTORIA

©2026 Ethnic Communities' Council of Victoria
www.eccv.org.au

Hindi |हिंदी

गरिमा और सम्मान

जब परिवार के साथ संबंध अच्छे नहीं रहते हैं, तो क्या होता है



आयु बढ़ने के साथ-साथ हम सभी के पास गरिमा और सम्मान का अधिकार होता है।

परिवारों या समुदाय में नुकसानदेह और असुरक्षित व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

आपको अकेले ही इसका सामना करने की ज़रूरत नहीं है, परिवार के बाहर से सहायता उपलब्ध है।

आपको फिर से गरिमा और सम्मान प्राप्त करने के लिए सहायता और समर्थन उपलब्ध है।

समुदाय में से कहानियाँ

अब मेरी बहू मुझसे हर समय पोते-पोतियों की देखभाल करने के लिए पूछती है। वह कहती है कि यह करना मेरी दूसरी गतिविधियों से ज़्यादा महत्वपूर्ण है। मैं अपने पोते-पोतियों से प्यार तो करता हूं, लेकिन मैं अपने दोस्तों से मिलने के अवसरों से भी नहीं चूकना चाहता हूं।

जब मेरे पति की मृत्यु हो गई, तो मैंने अपना घर बेच दिया और अपने बेटे के साथ रहने लगी और पैसे उसे दे दिए। अब मेरे पास अपने पैसों की एक्सेस नहीं है और मैं उससे यह पूछने में सहज महसूस नहीं करती हूं कि पैसे कहां हैं।

मेरे पति और मैंने भारत में शादी की और मैं उसके साथ ऑस्ट्रेलिया आ गई। वह मेरे साथ बुरा बर्ताव करता है और हमेशा मुझपर चिल्लाता रहता है। मेरे पास स्थायी निवासिता नहीं है और वह मुझे भारत वापस भेजने की धमकी देता है।

वृद्धजनों की आवश्यकताएँ और सकुशलता परिवार के अन्य सदस्यों जितनी ही महत्वपूर्ण होती हैं।

कुछ वरिष्ठजनों को अपने परिचित और भरोसेमंद लोगों की ओर से धमकाए जाने या दुर्व्यवहार किए जाने का अनुभव होता है।

दुर्व्यवहार के कई रूप होते हैं। यह किसी वृद्धजन की आर्थिक, भावनात्मक या शारीरिक सकुशलता को प्रभावित कर सकता है।

दुर्व्यवहार जानबूझकर किया जा सकता है। यह तब भी हो सकता है जब लोग अपने व्यवहार से अपने प्रियजनों पर पड़ने वाले प्रभाव से अवगत नहीं होते हैं।

किसी के साथ भी दुर्व्यवहार हो सकता है, चाहे उनका लिंग, संस्कृति या धर्म कुछ भी हो।

किसी वृद्धजन के साथ परिवार के किसी सदस्य या दोस्त द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की स्थिति में गोपनीय सहायता उपलब्ध है।